# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

## कक्षा-4

## पाठ्यक्रम

स्वर एवं व्यंजन, मात्राएँ, 'र' के रूप, शुद्ध शब्द, संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया एवं विशेषण शब्दों की पहचान एवं उचित प्रयोग, लिंग एवं,वचन का ज्ञान, पर्यायवाची एवं विलोम अर्थ वाले शब्द, शब्द लड़ी में उचित शब्द, हिंदी गिनती का सही क्रम (एक से पचास तक), अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, बिंदु (ं) एवं चंद्रबिंदु (ँ) का प्रयोग, राष्ट्रीय प्रतीक एवं पर्वों के बारे में जानकारी राष्ट्रीय वन, उद्यान, पशु-पक्षी व फल-फूलों के बारे में जानकारी, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, शुद्ध शब्द, खाली स्थान भरकर वाक्य बनाना एवं अपठित गद्यांश।

- हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वयं को परखने तथा सफलता के मार्ग की बाधाओं के बारे में पता चलता है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में दिए गए प्रश्नों को जानने-समझने से विद्यार्थियों के अंदर ज्ञान की जिज्ञासा उत्पन्न होती है। इन परीक्षाओं की तैयारी से विद्यार्थियों का बहुआयामी विकास होता है।
- अभिव्यक्ति के सर्वाधिक विश्वसनीय माध्यम के रूप में भाषा समाज के सर्वांगीण विकास, निर्माण, अस्मिता, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का भी महत्त्वपूर्ण साधन है। हिंदी ओलंपियाड की तैयारी विद्यार्थियों के लिए ज्ञान के नये मार्ग का सृजन करती है।
- अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र मिलता है, इससे चयनित नहीं होने वाले विद्यार्थियों में भी प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षा की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत और एकाग्रता अति आवश्यक है। अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें और रटने की बजाय समझने का अधिक प्रयास करें, तो सफलता आपके कदम चूमेगी।

# 1-भाषा, बोली, लिपि और व्याकरण

**1. अंग्रेज़ी भाषा की लिपि है -**

(क) रोमन

(ख) फ़ारसी

(ग) देवनागरी

**2. लिखकर प्रकट नहीं होती -**

(क) बोली

(ख) भाषा

(ग) दोनों

**3. देवनागरी क्या है ?**

(क) बोली

(ख) भाषा

(ग) लिपि

**4. बातचीत करना है -**

(क) भाषा का लिखित रूप

(ख) भाषा का मौखिक रूप

(ग) भाषा का सांकेतिक रूप

**5. हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया -**

(क) 14 सितंबर, 1949 को

(ख) 14 सितंबर, 1950 को

(ग) 14 सितंबर, 1947 को

**6. अरुणाचल प्रदेश की भाषा कौन-सी है?**

(क) नेपाली

(ख) भूटिया

(ग) मोनपा

**7. व्याकरण है -**

(क) भाषा के शब्दों का संग्रह

(ख) भाषा के नियमों का शास्त्र

(ग) भाषा के वर्णों का संग्रह

**8. व्याकरण हमें बताता है -**

(क) शब्दों का सही प्रयोग

(ख) वाक्यों का सही बनाना

(ग) भाषा प्रयोग का सही तरीका

**9. मराठी भाषा की लिपि है -**

(क) फ़ारसी

(ख) रोमन

(ग) देवनागरी

**10. पंजाबी भाषा की लिपि है -**

(क) गुरुमुखी

(ख) रोमन

(ग) देवनागरी

**11. हिंदी, संस्कृत व नेपाली भाषा की लिपि है-**

(क) गुरुमुखी

(ख) रोमन

(ग) देवनागरी

**12. अपनी बात बोलकर दूसरों तक पहुँचाने को कहते हैं-**

(क) लिखित भाषा

(ख) मौखिक भाषा

(ग) सांकेतिक भाषा



हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 2-वर्ण और मात्राएँ

1. वर्णमाला में स्वरों की संख्या होती है -

(क) नौ

(ख) दस

(ग) ग्यारह

2. ध वर्ण किस वर्ग का है?

(क) क वर्ग

(ख) त वर्ग

(ग) ट वर्ग

3. 'पुस्तक' में मात्रा है-

(क) ऊ

(ख) उ

(ग) ई

4. 'मरीज' में मात्रा है-

(क) ई

(ख) इ

(ग) उ

5. किस शब्द में 'र' व्यंजन नहीं है-

(क) प्रश्न

(ख) पृथ्वी

(ग) ट्रक

6. पर्व में प्रयुक्त हुआ है -

(क) पदेन

(ख) रेफ़

(ग) नुक्ता

7. हिंदी वर्णमाला में कितने व्यंजन होते हैं?

(क) तीस

(ख) चालीस

(ग) तैंतीस

8. मात्रा वाला स्वर नहीं है -

(क) ऋ

(ख) अ

(ग) आ

9. 'अं' को कहा जाता है -

(क) अनुनासिक

(ख) अंतस्थ

(ग) अनुस्वार

10. ड वर्ण कौन-से वर्ग का है?

(क) क वर्ग

(ख) च वर्ग

(ग) ट वर्ग

11. अनुनासिक को कहते हैं-

(क) बिंदु

(ख) चंद्रबिंदु

(ग) विसर्ग

12. 'केला' में मात्रा है-

(क) ए ( े )

(ख) ऐ ( ै )

(ग) ओ ( ो )

13. **किस शब्द में अनुनासिक का प्रयोग हुआ है?**

(क) भैंस

(ख) गाँव

(ग) चंदन

14. **'कृपण' शब्द के 'क' वर्ण में कौन-सी मात्रा है?**

(क) र की

(ख) ऋ की

(ग) आ की

15. **'नूतन' शब्द के 'न' वर्ण में कौन-सी मात्रा है?**

(क) उ की

(ख) ऊ की

(ग) ई की

16. **अनुस्वार को ............ भी कहते हैं**

(क) चंद्रबिंदु

(ख) बिंदु

(ग) आगत

17. **'वक्र' शब्द में प्रयुक्त हुआ है -**

(क) रेफ

(ख) पदेन

(ग) आगत

18. **'कर्म' शब्द में 'र' का रूप प्रयुक्त हुआ है -**

(क) रेफ़

(ख) पदेन

(ग) कोई नहीं

19. **इनमें से कौन-सा वर्ण अंतस्थ नहीं है?**

(क) स

(ख) ल

(ग) र

20. **इनमें से किस शब्द में रेफ़ का प्रयोग हुआ है?**

(क) व्रत

(ख) कर्म

(ग) कृपा

21. **इनमें से किस शब्द में ऋ की मात्रा का प्रयोग हुआ है?**

(क) कृति

(ख) धर्म

(ग) ट्रक

22. **ऊ की मात्रा वाला सही शब्द है-**

(क) कूआँ

(ख) प्रभू

(ग) रूमाल

23. **ओ की मात्रा वाला सही शब्द है-**

(क) लोकिक

(ख) मनोति

(ग) रोशनी

24. **ऋ की मात्रा वाला प्रयोग वाला सही शब्द है-**

(क) श्रृंखला

(ख) सृंगार

(ग) श्रंगार



हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 3-संयुक्त और द्वित्व व्यंजन

1. संयुक्त व्यंजन वाला शब्द है -
   (क) ज्ञानी
   (ख) बालक
   (ग) बारह

2. संयुक्त व्यंजन वाला शब्द नहीं है -
   (क) मछली
   (ख) यज्ञ
   (ग) त्रिशूल

3. पक्का शब्द में प्रयुक्त हुआ है -
   (क) संयुक्त व्यंजन
   (ख) द्वित्व व्यंजन
   (ग) कोई नहीं

4. द्वित्व व्यंजन वाला शब्द नहीं है-
   (क) कक्ष
   (ख) सच्चा
   (ग) लट्टू

5. श्रमिक शब्द में है -
   (क) संयुक्त व्यंजन
   (ख) द्वित्व व्यंजन
   (ग) कोई नहीं

6. 'बिल्ली' शब्द में व्यंजन है -
   (क) संयुक्त
   (ख) द्वित्व
   (ग) कोई नहीं

7. किस शब्द में द्वित्व व्यंजन है?
   (क) यज्ञ
   (ख) मिट्टी
   (ग) ज्ञानी

8. 'चम्मच' शब्द में प्रयुक्त हुआ है -
   (क) अर्धविराम चिह्न
   (ख) संयुक्त व्यंजन
   (ग) द्वित्व व्यंजन

9. बच्चा शब्द में प्रयुक्त हुआ है -
   (क) द्वित्व व्यंजन
   (ख) संयुक्त व्यंजन
   (ग) कोई नहीं

10. नेत्र में प्रयुक्त हुआ है -
   (क) संयुक्त व्यंजन
   (ख) द्वित्व व्यंजन
   (ग) दोनों

11. श्र में कौन-कौन से व्यंजन होते हैं?
   (क) श् + र
   (ख) क् + ष
   (ग) ज + ञ

12. संयुक्त व्यंजन वाला शब्द नहीं है-
   (क) श्रमिक
   (ख) त्रिशूल
   (ग) प्रयोग

# 4-संज्ञा

1. **भाववाचक संज्ञा का सही उदाहरण है-**
(क) भारत
(ख) महल
(ग) बुढ़ापा

2. **संज्ञा के मुख्य भेद हैं -**
(क) चार
(ख) सात
(ग) तीन

3. **जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है-**
(क) पशु
(ख) कोमल
(ग) पढ़ाई

4. **रोहन खुशी से नाच रहा है ।
वाक्य में 'खुशी' शब्द है-**
(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(ख) जातिवाचक संज्ञा
(ग) भाववाचक संज्ञा

5. **गाय घास खा रही है ।
वाक्य में 'गाय' शब्द है-**
(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(ख) जातिवाचक संज्ञा
(ग) भाववाचक संज्ञा

6. **क्रिकेट शब्द है-**
(क) जातिवाचक
(ख) व्यक्तिवाचक
(ग) भाववाचक

7. **व्यक्तिवाचक संज्ञा है -**
(क) जयपुर
(ख) पेड़
(ग) कुरसी

8. **जातिवाचक संज्ञा है -**
(क) लड़का
(ख) चिड़िया
(ग) दोनों

9. **इनमें से कौन-सा शब्द संज्ञा नहीं है?**
(क) आम
(ख) अच्छा
(ग) सेना

10. **'दया, बलिदान, चालाकी, ठगी' कैसे शब्द हैं ?**
(क) व्यक्तिवाचक
(ख) जातिवाचक
(ग) भाववाचक

11. **गुण, दशा, अवस्था का बोध कराने वाली संज्ञा कहलाती है -**
(क) भाववाचक संज्ञा
(ख) सर्वनाम
(ग) जातिवाचक

12. **'पर्वत' शब्द है -**
(क) भाववाचक
(ख) जातिवाचक
(ग) व्यक्तिवाचक


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 5-लिंग

1. सदैव पुल्लिग होते हैं -
(क) पहाड़ों, देशों और ग्रहों के नाम
(ख) पदों के नाम
(ग) दोनों

2. नेत्री का पुल्लिग होगा -
(क) नेत्रा
(ख) नेता
(ग) नेत्रान

3. सम्राट का स्त्रीलिंग होगा -
(क) बेगम
(ख) सामग्री
(ग) सम्राज्ञी

4. बैल खूँटे से बँधा है ।
वाक्य में 'बैल' है -
(क) स्त्रीलिंग
(ख) पुल्लिंग
(ग) कोई नहीं

5. स्त्रीलिंग शब्द नहीं है -
(क) झील
(ख) नदी
(ग) पन्ना

6. पुल्लिग शब्द है -
(क) रत्ना
(ख) अनुभव
(ग) भावना

7. छात्र का स्त्रीलिंग है -
(क) छात्रों
(ख) छात्रा
(ग) छात्री

8. सेठ का स्त्रीलिंग होगा-
(क) सेठानी
(ख) सेठनी
(ग) सेठियाइन

9. गायक शब्द का स्त्रीलिंग है -
(क) गायीका
(ख) गायिका
(ग) गायका

10. गंगा हिमालय से निकलती है ।
वाक्य में 'गंगा' शब्द है -
(क) स्त्रीलिंग
(ख) पुल्लिंग
(ग) दोनों

11. अभिनेता का स्त्रीलिंग है -
(क) नेत्री
(ख) अभिनेत्री
(ग) अभीनेत्री

12. 'ग्वालिन' शब्द का पुल्लिंग है -
(क) ग्वाल
(ख) ग्वाला
(ग) ग्वालन

# 6-वचन

1. पौधे पर नई कलियाँ खिली हैं।
'कलियाँ' का एकवचन होगा -
(क) कलिया
(ख) कलि
(ग) कली

2. मेरे पास टोपियाँ हैं। 'टोपियाँ'
शब्द का एकवचन होगा -
(क) टॉपी
(ख) टोपी
(ग) टोपि

3. आज मैंने तीन कविता पढ़ी।
'कविता' का बहुवचन होगा -
(क) कवीता
(ख) कविताएँ
(ग) कविताओं

4. फूल पर कई तितलियाँ मँडरा रही थीं।
वाक्य में 'फूल' शब्द का बहुवचन होगा-
(क) फुल
(ख) फूलों
(ग) फूलौ

5. बंदर दो केला खा गया।
'केला' का बहुवचन होगा-
(क) केला
(ख) केले
(ग) केले

6. गीता और सुनीता हैं ...............
सही वचन होगा -
(क) सहेली
(ख) सहेलियाँ
(ग) सखी

7. उसने जलेबी बना ली है।
'जलेबी' शब्द का बहुवचन होगा-
(क) जलेबिया
(ख) जलेबियाँ
(ग) जलेबीयां

8. लड़का पढ़ रहा है। यहाँ
'लड़का' का बहुवचन होगा -
(क) लड़की
(ख) लड़के
(ग) लड़कों

9. हलवाई समोसा बना रहा है।
वाक्य में 'समोसा' का बहुवचन है -
(क) समोसी
(ख) समोसे
(ग) समौसे

10. धोबिन कपड़ा धो रही है। वाक्य
में 'कपड़ा' शब्द का बहुवचन है -
(क) कपड़ों
(ख) कपड्गों
(ग) कपड़े


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 7–सर्वनाम

1. यह पुस्तक ..........है ? वाक्य में उचित प्रश्नवाचक सर्वनाम होगा ।

(क) जिसकी

(ख) किसकी

(ग) कोई

2. सर्वनाम शब्दों के उदाहरण हैं –

(क) मैं, हम, तुम, वह आदि

(ख) कोई, कुछ, कौन, किसका आदि

(ग) (क) एवं (ख) दोनों

3. ..........तुम्हें बुला रहा था ।
वाक्य में उचित सर्वनाम होगा –

(क) तुम

(ख) वह

(ग) वे

4. ............यहाँ कब आएँगे ?
वाक्य में उचित सर्वनाम होगा –

(क) उसे

(ख) आप

(ग) वह

5. ..........भी मेरे साथ चल सकते हो ।
वाक्य में उचित सर्वनाम होगा –

(क) तुम

(ख) वह

(ग) मैं

6. 'अध्यापक ने उसे शाबाशी दी ।' वाक्य में सर्वनाम शब्द है –

(क) दी

(ख) उसे

(ग) शाबासी

7. निम्न में से कौन-सा शब्द सर्वनाम है –

(क) राजा

(ख) तुम

(ग) नीला

8. राम..........भाई है । वाक्य में उचित सर्वनाम होगा –

(क) मेरा

(ख) मैरा

(ग) मुझे

9. ................फोन पर बात कर रहा है।
वाक्य में उचित सर्वनाम होगा –

(क) मैं

(ख) वह

(ग) तुम

10. ..............पत्र लिख रहा हूँ ।
वाक्य में उचित सर्वनाम होगा –

(क) तुम

(ख) वह

(ग) मैं

# 8–विशेषण

1. परिमाणवाचक विशेषण संज्ञा की विशेषता बताते हैं –

(क) मात्रा संबंधी

(ख) गुण संबंधी

(ग) कोई नहीं

2. गुणवाचक विशेषण का सही उदाहरण है –

(क) यह मेरा घर है।

(ख) वाह ! क्या बात है।

(ग) बहुत सुंदर पुष्प है।

3. कुछ लोग पार्क में टहल रहे हैं । वाक्य भेद है –

(क) गुणवाचक विशेषण का

(ख) संख्यावाचक विशेषण का

(ग) परिमाणवाचक विशेषण का

4. 'हरे-भरे पेड़-पौधे किसे अच्छे नहीं लगते' । इस वाक्य में विशेषण है –

(क) पेड़-पौधे

(ख) हरे-भरे

(ग) किसे

5. साक्षी समझदार लड़की है । इस वाक्य में विशेषण है-

(क) साक्षी

(ख) समझदार

(ग) लड़की

6. शेर के दाँत नुकीले होते हैं । वाक्य में 'नुकीले' शब्द है –

(क) संज्ञा

(ख) सर्वनाम

(ग) विशेषण

7. जिराफ की गर्दन ………… होती है । वाक्य में उचित विशेषण होगा –

(क) छोटी

(ख) पतली

(ग) लंबी

8. नीम की दातुन …………होती है । वाक्य में उचित विशेषण होगा –

(क) खट्टी

(ख) कड़वी

(ग) मीठी

9. ये बच्चे बहुत शरारती हैं । वाक्य में 'शरारती' शब्द है –

(क) क्रिया

(ख) विशेषण

(ग) सर्वनाम

10. मेरे पास सफ़ेद खरगोश हैं। 'सफ़ेद' शब्द है –

(क) विशेषण

(ख) क्रिया

(ग) विशेष्य


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 9-क्रिया

1. जब क्रिया के साथ कर्म होता है तो उसे कहते हैं -
(क) अकर्मक
(ख) सकर्मक
(ग) कोई नहीं

2. शिक्षक ने विद्यार्थी को पुस्तक दी । वाक्य में क्रिया है -
(क) अकर्मक
(ख) सकर्मक
(ग) द्विकर्मक

3. किसान फसल काट रहा है । वाक्य में क्रिया है -
(क) अकर्मक
(ख) द्विकर्मक
(ग) सकर्मक

4. बच्चे तालाब में तैर रहे हैं। वाक्य में क्रिया है -
(क) सकर्मक
(ख) अकर्मक
(ग) कोई नहीं

5. क्या, किसे अथवा किसको लगाकर प्रश्न पूछने पर उत्तर मिलने से -
(क) अकर्मक क्रिया की पहचान होती है
(ख) सकर्मक क्रिया की पहचान होती है
(ग) कुछ नहीं होता

6. 'बच्चा सो रहा है ।' इस वाक्य में कौन-सी क्रिया है ?
(क) सकर्मक
(ख) अकर्मक
(ग) कोई नहीं

7. धोबी कपड़े धो रहा है । इस वाक्य में क्रिया है -
(क) सकर्मक
(ख) अकर्मक
(ग) दोनों

8. कृति नाच रही है । इस वाक्य में 'नाच रही' है -
(क) विशेषण
(ख) सर्वनाम
(ग) क्रिया

9. मोहित सेब खाता है । वाक्य में क्रिया है -
(क) अकर्मक
(ख) सकर्मक
(ग) कोई नहीं

10. कर्ता जो काम करता है उसे ....... कहते हैं -
(क) कर्म
(ख) क्रिया
(ग) दोनों

# 10-वाक्य

1. शब्द सार्थक समूह है -

(क) पदों का

(ख) वर्णों का

(ग) वाक्यों का

2. सबसे पहले भाषिक दृष्टि से बनता है-

(क) वर्ण

(ख) शब्द

(ग) वाक्य

3. कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(क) क्या आप बाज़ार जाएगा ?

(ख) क्या तुम बाज़ार जाएगा ?

(ग) क्या आप बाज़ार जाएँगे ?

4. रोटी-वोटी, चाय-वाय में निरर्थक शब्द है -

(क) रोटी

(ख) रोटी और चाय

(ग) वोटी और वाय

5. सार्थक वाक्य का सही उदाहरण है -

(क) बादल देखते ही मोरनी नाचने लगा ।

(ख) काले-काले बादल देखते ही मोर नाचने लगा ।

(ग) काले-काले देखकर मोर नाचने बादल लगा ।

6. निम्न में शुद्ध वाक्य है-

(क) मैं नाश्ता कर लिया हूँ ।

(ख) मैं नाश्ता हो चुका है ।

(ग) मैं नाश्ता कर चुका हूँ ।

7. निम्नलिखित में सार्थक वाक्य है -

(क) थी बहुत में मेट्रो भीड़

(ख) रचित के पिताजी चले गए ।

(ग) सुनाया ने नीलू गाना

8. उचित सार्थक वाक्य का उदाहरण है -

(क) नकुल में रास्ते मिला उसे

(ख) उसे रास्ते में नकुल मिला ।

(ग) रास्ते में उसे नकुल मिला

9. बच्चों..........पतंग उड़ाई । वाक्य में उचित शब्द होगा -

(क) ने

(ख) के

(ग) पर

10. सार्थक वाक्य का सही उदाहरण है -

(क) चंद्रमा पृथ्वी के चारों ओर घूमता है ।

(ख) है घूमता चंद्रमा पृथ्वी के चारों ओर

(ग) चारों ओर है चंद्रमा घूमता पृथ्वी के



हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 11-विराम-चिह्न

1. दो शब्दों को जोड़ने के लिए सही विराम-चिह्न होगा -

(क) प्रश्नवाचक

(ख) विस्मयादिबोधक

(ग) योजक

2. क्या भारत मैच जीतेगा ...... उचित विराम-चिह्न होगा -

(क) योजक

(ख) प्रश्नवाचक

(ग) विस्मयादिबोधक

3. सुबह ..... शाम अवश्य घूमना चाहिए। उचित विराम-चिह्न होगा-

(क) ?

(ख) -

(ग) ,

4. रजनी .... रोशनी और अरुण बाज़ार जा रहे हैं । उचित विराम-चिह्न होगा-

(क) ।

(ख) ,

(ग) ?

5. जहाँ वाक्य पूरी तरह समाप्त हो जाता है, वहाँ विराम-चिह्न होगा -

(क) अल्पविराम

(ख) पूर्णविराम

(ग) प्रश्नचिह्न

6. आप क्या कर रहे हैं ? वाक्य में लगा विराम-चिह्न है -

(क) पूर्णविराम

(ख) अल्पविराम

(ग) प्रश्नवाचक

7. अरे ! तुम आ गए । वाक्य में 'अरे' के बाद लगा विराम-चिह्न है -

(क) उद्धरण चिह्न

(ख) विस्मयादिबोधक चिह्न

(ग) अल्पविराम

8. नीरज घर गया । वाक्य में विराम-चिह्न है -

(क) विस्मयादिबोधक

(ख) अल्पविराम

(ग) पूर्णविराम

9. शोक, घृणा, हर्ष व आश्चर्य को बताने के लिए सही विराम-चिह्न है -

(क) विस्मयादिबोधक

(ख) प्रश्नवाचक

(ग) पूर्णविराम

10. प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग किया जाता है-

(क) प्रश्न पूछने के लिए

(ख) उद्धरण को बताने के लिए

(ग) जोड़ने के लिए

# 12-मुहावरे

1. 'हाथ साफ़ करना' मुहावरे का अर्थ होगा -
(क) सफ़ाई करना
(ख) दंड देना
(ग) चुरा लेना

2. हथियार डालना - मुहावरे का अर्थ होगा -
(क) युद्ध से डर जाना
(ख) डर जाना
(ग) पराजय स्वीकार कर लेना

3. चिकना घड़ा - मुहावरे का अर्थ होगा -
(क) बहुत सुंदर
(ख) बेअसर
(ग) बहुत मूर्ख

4. आँखें फेर लेना - मुहावरे का अर्थ होगा -
(क) दुश्मनी करना
(ख) बदल जाना
(ग) सहायता

5. अक्षरधाम मंदिर की सुंदरता ने मेरा ........................ ।
(क) फूला न समाया
(ख) मन मोह लिया
(ग) दंग रह गया

6. मेज़ पर चॉकलेट देखकर रोहन के मुँह में ........................ .
(क) होश उड़ गए
(ख) पानी आ गया
(ग) बाग-बाग होना

7. चोर पुलिस को देखकर ........................ .
(क) हाथ-पैर फूल गए
(ख) दंग रह गया
(ग) नौ दो ग्यारह हो गया

8. 'नाकों चने चबाना' मुहावरे का सही अर्थ है -
(क) बहुत परेशान करना
(ख) सुख से जीवन बिताना
(ग) इज्ज़त पाना

9. 'ईद का चाँद होना' मुहावरे का सही अर्थ है -
(क) पराजित करना
(ख) बहुत दिनों बाद दिखाई देना
(ग) बहुत प्रयत्न करना

10. 'चैन की बंसी बजाना' मुहावरे का सही अर्थ है -
(क) हरा देना
(ख) सुख से जीवन बिताना
(ग) परेशान होना

# 13-विलोम शब्द

1. हमें स्वच्छ रहना चाहिए ।
'स्वच्छ' का विलोम है -
(क) अस्वच्छ
(ख) गंदगी
(ग) साफ

2. बड़ों का सदैव आदर करना चाहिए ।
'आदर' का विलोम है-
(क) सरल
(ख) पूजना
(ग) अनादर

3. जड़ का विलोम शब्द है -
(क) पत्ते
(ख) फूल
(ग) चेतन

4. सम का विलोम होगा -
(क) विषम
(ख) संख्या
(ग) गिनती

5. हिंसा का विलोम होगा -
(क) नास्तिक
(ख) बूढ़ा
(ग) अहिंसा

6. आना का विलोम है -
(क) जाना
(ख) खाना
(ग) सोना

7. मुझे गरम चाय दो ।
'गरम' का विलोम होगा -
(क) ठंडा
(ख) दिन
(ग) नीचे

8. मेज़ के नीचे बिल्ली है ।
'नीचे' का विलोम होगा -
(क) रात
(ख) ऊपर
(ग) कुर्सी

9. अनुकूल का विलोम है -
(क) बूढ़ा
(ख) नास्तिक
(ग) प्रतिकूल

10. आय का विलोम शब्द है -
(क) पैसे
(ख) व्यय
(ग) पश्चिम

11. रात का विलोम होगा-
(क) दिन
(ख) सुबह
(ग) नीचे

12. पुरस्कार का विलोम है -
(क) पुण्य
(ख) निराशा
(ग) दंड

# 14-पर्यायवाची शब्द

1. हमें अपने गुरु का सदैव आदर करना चाहिए । 'गुरु' का पर्यायवाची है-
   (क) दीपक
   (ख) आचार्य
   (ग) भोर

2. सूरज पूर्व में निकलता है । 'सूरज' का पर्यायवाची है -
   (क) रवि
   (ख) चंद्रमा
   (ग) तारे

3. 'नारी, वनिता' पर्यायवाची हैं -
   (क) स्त्री
   (ख) भानु
   (ग) अमर

4. सखा, सहचर, साथी पर्यायवाची हैं -
   (क) कनक
   (ख) मित्र
   (ग) सुमन

5. वायु, पवन, समीर पर्यायवाची हैं -
   (क) हवा
   (ख) भवन
   (ग) सलिल

6. आकाश में काले बादल छाए हैं । 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द है -
   (क) सितारे
   (ख) गगन
   (ग) लोचन

7. सुलोचना के नेत्र बहुत ही सुंदर हैं । 'नेत्र' का पर्यायवाची है -
   (क) नासिका
   (ख) आँख
   (ग) मीन

8. कल रात बहुत तेज बारिश हुई । 'रात' का पर्यायवाची है -
   (क) साँझ
   (ख) दिन
   (ग) रात्रि

9. समान अर्थ देने वाले शब्द कहलाते हैं -
   (क) पर्यायवाची
   (ख) समानार्थक
   (ग) दोनों

10. 'अचल, नग, भूधर' पर्याय हैं -
   (क) पर्वत के
   (ख) भूमि के
   (ग) वृक्ष के

11. 'पुत्र' का पर्यायवाची है -
   (क) सुत, नंदन, लाल
   (ख) बेटा, सुत, पुत्री
   (ग) सुत, नंदन, मित्र

12. भगवान सबकी मदद करते हैं । 'भगवान' शब्द का पर्यायवाची है -
   (क) ईश्वर
   (ख) बाग
   (ग) स्वर्ग


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 15-अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

1. जिसका कोई आकार न हो -
   (क) साकार
   (ख) सगुण
   (ग) निराकार

2. जल में विचरण करने वाला -
   (क) जलज
   (ख) जलचर
   (ग) जलजात

3. जो मीठा बोलता है -
   (क) मधुरवानी
   (ख) मृदुभाषी
   (ग) मिठाई

4. अत्याचार करने वाला-
   (क) अत्याचारी
   (ख) दुराचारी
   (ग) विज्ञानी

5. जिसके माता-पिता न हो-
   (क) मातृहीन
   (ख) पिताहीन
   (ग) अनाथ

6. वर्ष में एक बार होने वाला -
   (क) पाक्षिक
   (ख) वार्षिक
   (ग) मासिक

7. नोटों के समूह को कहते हैं -
   (क) गड्डा
   (ख) गट्ठर
   (ग) गड्डी

8. भेड़-बकरियों का समूह कहलाता है-
   (क) टुकड़ी
   (ख) रेवड़
   (ग) समूह

9. घुड़सवारों का समूह कहलाता है -
   (क) दल
   (ख) टीम
   (ग) मंडली

10. मधुमक्खियों का झुंड कहलाता है -
    (क) जोड़
    (ख) श्रृंखला
    (ग) छत्ता

11. 'गरीब' शब्द का अर्थ है -
    (क) दिन
    (ख) दीन
    (ग) दोनों

12. अनेकार्थक शब्द 'नाना' का अर्थ है -
    (क) अनेक
    (ख) माँ के पिता जी
    (ग) दोनों

13. गाड़ी चलाता है -
    (क) चालाक
    (ख) चालक
    (ग) दोनों

14. भेंट शब्द का अर्थ है -
    (क) उपहार
    (ख) मुलाकात
    (ग) दोनों

# 16-अपठित गद्यांश

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर छाँटिए-**

बुरी आदतें आसानी से पीछा नहीं छोड़ती। जन्म से तो कोई बुरी आदत हम साथ नहीं लाते, फिर यह हमारे व्यवहार में कैसे आ जाती है? सामान्यत: बचपन में या नादानी में हम कोई गलत काम केवल एक बार का अनुभव पाने या किसी खास परेशानी से बचने के लिए कर देते हैं और वह एक बार का अनुभव धीरे-धीरे हमारी आदत बन जाता है, हमारे स्वभाव में आ जाता है। अत: बुरी बातों, बुरी संगत से दूर ही रहना चाहिए। कहते हैं न-

काजल की कोठरी में कैसो ही सयानो जाए,
एक लीक काजल की लागे है तो लागे है।

**1. हम बुरी आदतों के शिकार कैसे बन जाते हैं-**

(क) जान-बूझकर

(ख) नादानी में

(ग) धोखे से

**2. 'काजल की कोठरी' किसके समान होती है-**

(क) सुसंगति

(ख) कुसंगति

(ग) संस्कार

**3. इनमें से कौन सी आदत बुरी नहीं है-**

(क) झूठ बोलना

(ख) धोखा देना

(ग) आदर करना

**4. हमें किससे दूर रहना चाहिए-**

(क) अनुभव से

(ख) कुसंगति से

(ग) सुसंगति से

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर छाँटिए-**

एक बकरी थी। उसका एक मेमना था। दोनों जंगल में चर रहे थे। चरते-चरते बकरी को प्यास लगी। मेमने को भी प्यास लगी। बकरी बोली, "चलो, पानी पी आएँ।" मेमने ने भी जोड़ा "हाँ माँ! चलो पानी पी आएँ।" पानी पीने के लिए बकरी नदी की ओर चल दी। मेमना भी पानी पीने के लिए नदी की ओर चल पड़ा। बातों-बातों में बकरी ने मेमने को बताया, "साहस से काम लो तो संकट टल जाता है। धैर्य यदि बना रहे तो विपत्ति से बचाव का रास्ता निकल ही आता है।"


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

5. **बकरी तथा मेमने के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**

(क) बकरी तथा उसका मेमना जंगल में चर रहे थे।

(ख) चरते-चरते बकरी को प्यास लगी थी।

(ग) मेमने को प्यास नहीं लगी थी।

6. **बकरी ने मेमने को क्या बताया?**

(क) संकट के समय साहस से काम लेना चाहिए।

(ख) साहस से काम लेने पर संकट भी टल जाता है।

(ग) विपत्ति से बचने के लिए धैर्य बहुत आवश्यक है।

7. **बकरी और मेमना पानी के लिए किसकी ओर चल दिए ?**

(क) बकरी और मेमना पानी पीने के लिए तालाब की ओर चल दिए।

(ख) बकरी और मेमना पानी पीने के लिए नदी की ओर चल दिए।

(ग) बकरी और मेमना पानी पीने के लिए कुएँ की ओर चल दिए।

8. **--------- बना रहे तो विपत्ति से बचाव का रास्ता निकल ही आता है-**

(क) साहस

(ख) संकट

(ग) धैर्य

# 17-यह भी जानें

## संख्याओं के नाम

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | – | एक | 16 | – | सोलह |
| 2 | – | दो | 17 | – | सत्रह |
| 3 | – | तीन | 18 | – | अठारह |
| 4 | – | चार | 19 | – | उन्नीस |
| 5 | – | पाँच | 20 | – | बीस |
| 6 | – | छह | 21 | – | इक्कीस |
| 7 | – | सात | 22 | – | बाईस |
| 8 | – | आठ | 23 | – | तेईस |
| 9 | – | नौ | 24 | – | चौबीस |
| 10 | – | दस | 25 | – | पच्चीस |
| 11 | – | ग्यारह | 26 | – | छब्बीस |
| 12 | – | बारह | 27 | – | सत्ताईस |
| 13 | – | तेरह | 28 | – | अट्ठाईस |
| 14 | – | चौदह | 29 | – | उनतीस |
| 15 | – | पंद्रह | 30 | – | तीस |

## अशुद्ध एवं शुदध शब्द

| **अशुद्ध** | **शुद्ध** |
|---|---|
| राष्ट्रिय | राष्ट्रीय |
| चिन्ह | चिह्न |
| तिथी | तिथि |
| दुर्बल | दुर्बल |
| आर्शीवाद | आशीर्वाद |

## दिनों के नाम

रविवार
सोमवार
मंगलवार
बुधवार
बृहस्पतिवार
शुक्रवार
शनिवार

## महीनों के नाम

जनवरी
फरवरी
मार्च
अप्रैल
मई
जून
जुलाई
अगस्त
सितंबर
अक्तूबर
नवंबर
दिसंबर